कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्र. / 4357 / न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2022 रायपुर, दिनांक 05/07/2022

/ / दावा–आपत्ति आमंत्रण सूचना / /

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में "मोर मकान–मोर आस" योजना अंतर्गत विज्ञापन क्रमांक 01 / 2022 दिनांक 18.05.2022 जारी कर कुल 08 स्थलो के लिए 2088 मकानो का ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी दावा–आपत्ति आमंत्रण सूचना पत्र क्रमांक 7331 दिनांक 23.06.2022 अनुसार तालिका के सरल क्रमांक 04 के परियोजना हेतु प्राप्त कुल 1405 आवेदनो का परीक्षण पूर्ण कर लिया गया है। शेष परियोजनाओं में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण प्रक्रियाधीन है।

अतः चतुर्थ चरण में उक्त तालिका के सरल क्रमांक 04 की परियोजना की पात्र / अपात्र आवेदको की सूची दावा–आपत्ति हेतु ऑनलाईन एवं नगर निगम, रायपुर मुख्यालय के सूचना पटल पर जारी की जा रही है। जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त पात्र / अपात्र की सूची में किसी भी प्रकार की दावा–आपत्ति होने पर आवश्यक साक्ष्य दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रति के साथ 15 दिवस के भीतर **दिनांक** 06/07/2022 **से दिनांक** 26/07/2022 तक (कार्यालयीन दिवस) कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 से सायं 05:30 बजे तक उपस्थित होकर दावा आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार के दावा–आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। शेष परियोजनाओ हेतु पृथक से पत्र एवं सूची जारी की जावेगी।

PMAY-HFA Municipal Corporation Raipur (C.G.)

नोडल अधिकारी
(PMAY-HFA)
नगर पालिक निगम,
रायपुर (छ.ग.)